# कोरोना वायरस से बचाव के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जाए

**बैठक**

### सीएम ने सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना वायरस के सम्बन्ध में बैठक ली

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना वायरस के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जाए। आमजन को सामाजिक दूरी बनाकर रखने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने आमजन से सीनियर सिटीजन और 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को घर में ही रहने की सलाह देते हुए जनता कर्फ्यू को सफल बनाने में अपना योगदान देने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को अपने अपने जनपदों में एडीएम रैंक के अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया जाए। नोडल अधिकारी सभी अस्पतालों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लें एवं जिलाधिकारी को लगातार अपडेट करते रहें। गैप्स एवं अन्य प्रकार की आवश्यकताओं के सम्बन्ध में अवगत करायें। जिलाधिकारी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु व्यवस्था करायें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों को सैनेटाईज करना अत्यावश्यक है। इसके लिए जिलाधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करते हुए लगातार सैनेटाईजेशन की रिपोर्ट लेते रहें। उन्होंने सभी नगर निकायों को प्रोएक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों की आवाजाही को रोक दिया गया है। परन्तु ऐसे विदेशी पर्यटक जिनका वीजा समाप्त हो रहा है, उनके वीजा को 15 अप्रैल, 2020 तक बढ़ाए जाने के लिये भारत सरकार द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी संयम और सतर्कता बरतें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोरोना का संदिग्ध पाए जाने पर गाईडलाईनध्प्रोटोकोल के अनुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने कोरोना के लक्षण पाए जाने पर 100 प्रतिशत सतर्कता बरतते हुए प्रोटोकोल के अनुसार उत्तरोत्तर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। डॉक्टर्स और मेडिकल टीम को स्वस्थ व सुरक्षित रखने हेतु पूर्ण सतर्कता बरती जाए।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुयी बैठक में भी सम्मिलित हुए। बैठक में केन्द्रीय अधिकारियों द्वारा कोरोना वायरस से संक्रमण को रोकने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गयी।



## Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## निबंधन कार्यालयों में 20 से 25 तक कार्य स्थगित

**संवाददाता**

देहरादून। शासन द्वारा कोरना वायरस कोविड–19 का संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सोशल डिस्टेंन्सिंग रखे जाने का परामर्श दिया गया हैं इसके अतिरिक्त 19 मार्च से 25 मार्च तक कार्यालया में सीमित उपस्थिति की व्यवस्था किये जाने के निर्देशों के अनुपालन में हीरा सिंह जंगपांगी अपर महानिरीक्षक निबन्धक (मुख्यालय) उत्तराखण्ड ने (स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के निबन्धन कार्यालयों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में जन सामान्य का आगमन अपने विभिन्न कार्यों के प्रयोजन से होता हैं कोरोना वायरस से संक्रमण के बढते खतरे के दृष्टिगत) प्रदेश के समस्त निबंधन कार्यालयों 20 मार्च से 25 मार्च तक लेख पत्रों एवं विवाहों के पंजीकरण के कार्य स्थगित रहेंगे।

## आधार बनाये जाने की प्रक्रिया 25 मार्च तक स्थगित

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड–19 का विश्वभर में प्रकोप के कारण वायरस संक्रमित व्यक्ति चिन्हित हो रहे हैं। डीएम डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने आधार जन सेवा केन्द्र एवं तहसील ब्लाक कार्यालय स्थित आधार जन सेवा केन्द्र से आधार को बनाये जाने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से 25 मार्च तक स्थिगित रखनेके आदेश दिये हैं।

## देवलीखेत में झाड़ियों में महिला का शव मिलने से मचा हड़कंप

**संवाददाता** अल्मोड़ा। रानीखेत के देवलीखेत गांव के पास झाड़ियों से एक महिला का शव मिला है। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए गोविंद सिंह माहरा नागरिक आस्पताल रानीखेत भेज दिया है। शव किस महिला का है अभी ये शिनाख्त नहीं हो सकी है। देवलीखेत गांव जैसे शांत इलाके में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व पुलिस जांच कर रही है।


भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

आधार
मेरा आधार, मेरी पहचान

## आधार बनवाना और अपडेट करवाना हुआ आसान

### देहरादून के निरंजनपुर और डालनवाला में खुले नये आधार सेवा केंद्र

**उपलब्ध सेवाएं**

आधार बनवाना । आधार में पता अपडेट । फोटो/ बॉयोमीट्रिक अपडेट
मोबाइल/ ई-मेल अपडेट । नाम, लिंग, जन्म तिथि अपडेट

केंद्र पर प्रतिदिन 1000 तक एनरोलमेंट/ अपडेट हो सकते हैं।

**पता:**
ग्राउंड फ्लोर, ए डी टॉवर, निरंजनपुर,
जी एम एस रोड (नेक्सा शोरूम के पास)
देहरादून, उत्तराखंड - 248001

कैलाश टॉवर, पहली मंजिल,
नई सड़क, द्वारका स्टोर के पास,
डालनवाला, देहरादून, उत्तराखंड - 248001

समयः सुबह 09:30 से शाम 05:30 तक

केंद्र सप्ताह के सभी दिन खुला है।
सीधे आयें या अपॉइंटमेंट ऑनलाइन बुक करें: ask.uidai.gov.in

लाइन से बचें, अपॉइंटमेंट ऑनलाइन बुक करने के लिए स्कैन करें:

• आधार बनवाना/ अनिवार्य बॉयोमीट्रिक अपडेट निःशुल्क है • अन्य बॉयोमीट्रिक/ डेमोग्राफिक अपडेट: ₹50
• 5 और 15 की आयु पर बच्चों का बायोमीट्रिक अपडेट करें • आधार में मोबाइल नंबर अवश्य दर्ज कराएं

@AadhaarOfficial | @AadhaarUID | @UIDAI | @Aadhaar_Official | uidai.gov.in | 1947 (Toll Free) | help@uidai.gov.in